# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0 / 2022 / 663 लखनऊ:दिनांक 23 मार्च, 2022

**यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 के अन्तर्गत माप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश**

राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेण्टल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों (एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| कं / सं | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 23 मार्च 2022 (अपरान्ह 4:00 बजे) से 26 मार्च 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे तक) |
| 2 | मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 26 मार्च 2022 |
| 3 | राजकीय क्षेत्र की मेडिकल / डेंटल कालेज की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 29 मार्च 2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से |
| 4 | निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 30 मार्च 2022 से 31 मार्च 2022 को (पूर्वान्ह 11.00 बजे से) |
| 5 | निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 01 अप्रैल 2022 से 02 अप्रैल 2022 तक |
| 6 | प्रवेश लेने की तिथि | आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission |

- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 1000 / – पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग / डेबिड कार्ड / केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेब–साईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा। अभ्यर्थी 29.03.2022 को पूर्वान्ह्11:00 बजे एवं शेष तिथियों में पूर्वान्ह् 10:00 बजे रिपोर्ट करेगे।
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे नीट यू0पी0 नीट यू0जी0 2021 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- नीट यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम से त्यागपत्र दिये जाने के फलस्वरूप एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में अपग्रेड हेतु मॉप–अप राउन्ड की प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी भी राज्य / ऑल इण्डिया के माध्यम से नीट यू0जी0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित है वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
- राजकीय क्षेत्र के सीटों हेतु रू0 30,000 / – (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0 सीटों हेतु रू0 200,000 / – (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 सीटों हेतु रू0 1,00,000 / – (रू0 एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का **बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash ) में नही जमा की जायेगी।**
- ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व की काउंसलिंग से जमा है, तथा उन्हे कोई सीट आवंटित नही हुयी है वह संबंधित डाक्यूमेन्ट वैरिफिकेशन सेन्टर से अपने सिक्योरिटी मनी का डी0डी0 प्राप्त कर मॉप–अप राउन्ड की प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है।
- आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश के संबंध में विचार नही किया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज / विश्वविद्यालय में आंवटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित कालेज का शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट रू0 10.50 लाख का एवं सिक्योरिटी धनराशि तथा हास्टल शुल्क रू0 4.50 लाख का

सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो **<u>महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।</u>** अभ्यर्थी द्वारा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित मेडिकल कालेज अथवा **<u>महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 के खाते में ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य होगा।</u>**

- निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजो में प्रवेश के समय शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट रू0 2.00 लाख का **सी0टी0एस0** बैंक ड्राफ्ट जो **<u>महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow</u> के पक्ष में देय हो, को <u>प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।</u>**
- निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों में बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटें रिक्त होने की दशा में अन्य राज्यों के ओ0बी0सी0/एस0सी0/एस0टी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों से सीटें भरी जायेगी।
- **<u>उक्त दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त यू0पी0 नीट यू0जी0 2021 हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 17.01.2022 तथा ब्रोशर में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुये मॉप–अप राउन्ड सम्पन्न किया जायेगा।</u>**
- **<u>दिनांक 01 अप्रैल 2022 को बैंक की वार्षिक लेखा बन्दी होने के कारण बैंक में अवकाश रहेगा, अतएव अभ्यर्थी उक्त तिथि से पूर्व बैंक ड्राफ्ट अवश्य बनवा ले अन्यथा की दशा में मॉप–अप राउन्ड की प्रकिया में प्रतिभाग नही कर सकेंगें।</u>**
- मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध होने तक ही की जायेगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***<u>https://upneet.gov.in & www.updgme.in</u>*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/यू0जी0/2022/ तद्दिनांक